06-05-2023

द केरला स्टोरी पर केरल हाईकोर्ट का निर्णय

समाचार पत्रों में क्यों?

केरल हाईकोर्ट ने फिल्म 'द केरला स्टोरी' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार और फिल्म निर्माताओं से जवाब मांगा है।

त्वरित मुद्दा?

- याचिका राजीव गांधी स्टडी सर्किल नाम के एक एनजीओ के राज्य पदाधिकारी द्वारा दायर की गई थी।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- यह फिल्म, केरल से कथित रूप से ग़ायब हुई और इस्लाम धर्म अपनाने वाली लड़कियों की कहानी पर आधारित है।
- फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि केरल की महिलाओं को धोखे से इस्लाम में धर्म परिवर्तन कराया गया और बाद में उन्हें इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक एंड सीरिया (ISIS) में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया।
- समाज का एक वर्ग फ़िल्म को प्रोपेगैंडा कहकर ख़ारिज कर रहा है तो दूसरा वर्ग इसे केरल की ज़मीनी सच्चाई बता रहा है जिस पर अभी तक खुलकर बात नहीं हुई थी।
- द केरला स्टोरी फिल्म को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की तरफ से 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है।
- फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिलने का अर्थ है कि इसे सिर्फ वयस्क(जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है) ही देख सकते हैं।
- धर्म परिवर्तन से तात्पर्य अपने धार्मिक संप्रदाय को छोड़कर किसी अन्य धर्म के विश्वासों को अपनाना तथा पालन करना होता है।
- इस प्रकार "धर्मांतरण" एक संप्रदाय के पालन को छोड़ने और दूसरे के साथ संबद्धता का वर्णन करता है।
- अनुच्छेद 25 के तहत भारतीय संविधान धर्म को मानने, प्रचार करने और अभ्यास करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है।
- अनुच्छेद 25 के तहत अंतरात्मा और धर्म की स्वतंत्रता

अन्य प्रमुख तथ्य?

इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक एंड सीरिया(ISIS)

- इस्लामिक स्टेट एक चरमपंथी समूह है, इसकी स्थापना वर्ष 2013 में अल कायदा से अलग होकर हुई थी।
- अरबी भाषा में इस संगठन का नाम है 'अल दौलतुल इस्लामिया फिल इराक वल सीरिया'।
- इसका हिन्दी अर्थ है- 'इराक एवं सीरिया का इस्लामी राज्य'।
- विश्व के अधिकांश मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों को सीधे अपने राजनीतिक नियंत्रण में लेना इसका घोषित लक्ष्य है।
- जून 2014 में इसने अपने मुखिया को विश्व के सभी मुसलमानों का खलीफा घोषित किया है।
- 29 जून 2014 को खिलाफत की स्थापना के साथ अबु बक्र अल-बगदादी को खलीफा नामित किया और औपचारिक रूप से इस समूह का नाम "इस्लामिक स्टेट" रख दिया गया।

के व्यक्तिगत अधिकार को धर्मांतरण के सामूहिक अधिकार के रूप में विस्तारित नहीं किया जा सकता है।

- वर्तमान में भारत में धर्मांतरण को प्रतिबंधित या विनियमित करने वाला कोई केंद्रीय कानून नहीं है।
- केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक संस्था है, यह चलचित्र अधिनियम 1952 के तहत जारी किये गए प्रावधानों का अनुसरण करते हुए भारत में फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को नियंत्रित करती है।
- केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा फिल्मों को प्रमाणित करने के बाद ही भारत में उसका सार्वजनिक प्रदर्शन किया जा सकता है।
- इस बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष एवं गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल किया गया है।
- बोर्ड का मुख्यालय मुंबई में स्थित है और इसके नौ क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलूर, तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद, नई दिल्ली, कटक और गुवहाटी में है।
- बोर्ड द्वारा सामान्य सार्वजनिक फिल्मों के लिए U, वयस्क फिल्मों के लिए A, अभिभावकों की उपस्थिति में किशोरों सहित सबके देखने योग्य फिल्म के लिए U/A, तथा विशेषता वाली फिल्मों जैसे चिकित्सा, स्वास्थ्य आदि पर बनी फिल्मों के लिए S प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को नवरत्न का दर्जा मिला

समाचार पत्रों में क्यों?

रेल मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को नवरत्न कंपनी का दर्जा हासिल हो गया है।

त्वरित मुद्दा?

- आरवीएनएल को 24 जनवरी, 2003 को पीएसयू के रूप में निगमित किया गया था, जिसका उद्देश्य फास्ट ट्रैक आधार पर रेलवे के बुनियादी ढांचे की क्षमताओं के निर्माण और वृद्धि से संबंधित परियोजनाओं का कार्यान्वयन और एसपीवी परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधनों को जुटाना था।
- निदेशक मंडल की नियुक्ति के साथ 2005 में कंपनी का परिचालन शुरू हुआ था। कंपनी को सितंबर, 2013 में मिनी रत्न का दर्जा दिया गया था। कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 3000 करोड़ रुपये है, जिसकी चुकता शेयर पूंजी 2085 करोड़ रुपये है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- नवरत्न का दर्जा प्राप्त होने के बाद RVNL के अधिकार, परिचालन स्वतंत्रता और वित्तीय स्वायत्तता में वृद्धि होगी।
- रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) की स्थापना 24 जनवरी, 2003 को की गयी थी।
- इसका उद्देश्य फास्ट ट्रैक आधार पर रेलवे के बुनियादी ढांचे की क्षमताओं के निर्माण और वृद्धि से संबंधित परियोजनाओं का कार्यान्वयन और विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधनों को जुटाना है।

- इसे सितंबर, 2013 में मिनी रत्न का दर्जा प्रदान किया गया था।
- RVNL के कार्य -पूर्ण परियोजना जीवन चक्र को कवर करने वाली परियोजना के विकास और कार्यों का निष्पादन करना।
- यदि आवश्यक हो, तो व्यक्तिगत कार्यों के लिए परियोजना केंद्रित SPV बनाना।
- RVNL द्वारा रेलवे परियोजना पूरी किए जाने पर, संबंधित क्षेत्रीय रेलवे द्वारा इसका संचालन और रखरखाव किया जाता है।
- केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) को उन्हें होने वाले लाभ और नेट वर्थ के आधार पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है –
  - महारत्न
  - नवरत्न
  - मिनीरत्न
- मिनीरत्न को मिनीरत्न श्रेणी-I तथा मिनीरत्न श्रेणी-II में वर्गीकृत किया गया है।
- **महारत्न दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**
  - पहले से नवरत्न का दर्जा प्राप्त का प्राप्त हो।
  - विगत तीन वर्ष का औसत वार्षिक लाभ 5,000 करोड से अधिक हो।
  - विगत तीन वर्ष की औसत वार्षिक नेट वर्थ 15,000 करोड से अधिक हो।
  - विगत तीन वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर 25,000 करोड से अधिक हो।
  - महत्वपूर्ण वैश्विक उपस्थिति/अंतर्राष्ट्रीय संचालन होना चाहिए।
  - SEBI के नियमों के तहत न्यूनतम निर्धारित सार्वजनिक शेयरधारिता के साथ भारतीय स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो।
- **नवरत्न दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**
  - पहले से मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा प्राप्त हो।
  - विगत पाँच वर्षों में से तीन में समझौता ज्ञापन प्रणाली के तहत बहुत अच्छी या उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त की हो।
  - निम्नलिखित छह प्रदर्शन मापदंडों में 60 अंक या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त किया हो –
  - प्रति शेयर कमाई-10 अंक
- शुद्ध पूंजी और शुद्ध लाभ- 25 अंक
  - उत्पादन की कुल लागत के सापेक्ष जनशक्ति(Manpower) पर आने वाली लागत-15 अंक
  - कारोबार पर ब्याज और करों से पहले अर्जित लाभ - 15 अंक
  - नियोजित पूंजी के लिए मूल्यह्रास, ब्याज और करों से पहले अर्जित लाभ - 15 अंक
  - अंतर-क्षेत्रीय प्रदर्शन- 20 अंक

- **मिनीरत्न श्रेणी-I दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**
  - विगत तीन वर्षों में निरंतर लाभ अर्जित किया हो।
  - विगत तीन वर्षों में कम-से-कम एक वर्ष में कर पूर्व 30 करोड़ रूपए या अधिक का लाभ अर्जित किया हो।
  - सकारात्मक निवल मूल्य हो।
- **मिनीरत्न श्रेणी-II दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**
  - विगत तीन वर्षों में निरंतर लाभ अर्जित किया हो।
  - सकारात्मक निवल मूल्य हो।

न्यूज फटाफट

विश्व बैंक के अध्यक्ष की नियुक्ति

- हाल ही में, अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाले वे पहले भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति हैं।
- विश्व बैंक के अध्यक्ष का चयन एक खुली, योग्यता-आधारित और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। इस पद के उम्मीदवारों को विश्व बैंक के सदस्य देशों का नागरिक होना चाहिए।
- उम्मीदवारों को कई शर्तों को पूरा करना जरूरी होता है। इन शर्तों में उपलब्धियों का एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड, बड़े संगठनों के प्रबंधन का अनुभव आदि शामिल हैं।
- उम्मीदवारों का नामांकन कार्यकारी निदेशकों द्वारा या अपने कार्यकारी निदेशकों के माध्यम से गवर्नर्स द्वारा किया जाना चाहिए।
- विश्व बैंक का अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) के कार्यकारी निदेशक मंडल का पदेन अध्यक्ष होता है।

कतर (राजधानी दोहा)

- **संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान को शामिल किए बिना कतर में अफगानिस्तान पर महत्वपूर्ण वार्ता का आयोजन किया। राजनीतिक सीमाएं:**
  - कतर फारस की खाड़ी के पश्चिमी तट पर अवस्थित है।
  - यह सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ सीमा साझा करता है।
  - द्वीपीय देश बहरीन कतर के उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है।
- **भौगोलिक विशेषताएं -**
  - कतर का अधिकतर क्षेत्र समतल और निचला मरुस्थलीय क्षेत्र है। रेत के टिब्बे (Sand - dunes) और नमक के मैदान (या सबखाह), प्रमुख स्थलाकृतिक विशेषताएं हैं।
  - **उच्चतम बिंदु:** अबू अल - बावल |
  - ताज़े जल का कोई स्थायी निकाय नहीं है।

उज़्बेकिस्तान (राजधानी: ताशकंद)

- उज्बेकिस्तान ने मानवाधिकारों को सर्वोच्च महत्त्व देने वाले नए संविधान पर जनमत संग्रह कराया है।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - यह मध्य एशिया का भू- आबद्ध देश है।
  - यह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान तथा
  - तुर्कमेनिस्तान के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
- प्रमुख नदियां सिर दरिया (प्राचीन जक्सार्टिस नदी) और अमु दरिया (प्राचीन ऑक्सस नदी)।
- सबसे ऊँची चोटी गिसर रेंज में ख़ज़रेत सुल्तान।
- **मरुस्थल**: यह सबसे युवा अरलकम मरुस्थल को कजाकिस्तान के साथ साझा करता है। पहले इस क्षेत्र में अरल सागर था। इसके अलावा, यहां क्यज़िलकुम मरुस्थल है।

मालदीव (राजधानी: माले)

- भारत के रक्षा मंत्री ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) के तटरक्षक 'एकथा हार्बर' की आधारशिला रखी I
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - मालदीव उत्तर मध्य हिंद महासागर में स्थित एक द्वीपीय राष्ट्र है।
  - 8 डिग्री चैनल मालदीव को भारत के मिनिकॉय द्वीप से अलग करता है।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - इस द्वीप की उत्पत्ति ज्वालामुखीय गतिविधियों से हुई है। इसमें लगभग 1,200 छोटे प्रवाल द्वीपों और सैंडबैंक की एक श्रृंखला है, जो क्लस्टर्स या एटोल्स में समूहीकृत हैं।
  - **सबसे ऊँची चोटी**: अड्डू एटोल पर माउंट विलिंग्ली।

ऑर्गन ऑन चिप्स (ऑर्गन चिप्स)

- ऑर्गेन्स - ऑन-चिप्स (OoCs) ऐसी प्रणालियां हैं, जिनमें माइक्रोफ्लूडिक चिप्स के अंदर विकसित कृत्रिम या प्राकृतिक लघु ऊतक होते हैं। ये जीवित मानव अंगों की जटिल संरचनाओं और कार्यों का दोहराव कर सकते हैं।
- मानव शरीर क्रिया विज्ञान की बेहतर नकल करने के लिए, चिप्स को कोशिका के सूक्ष्म परिवेश को नियंत्रित करने और ऊतक - विशिष्ट कार्यों को यथावत रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- ऑर्गन - चिप्स को प्राकृतिक शरीर क्रिया विज्ञान तथा मानव शरीर में कोशिकाओं द्वारा अनुभव किए जाने वाले यांत्रिक बलों की सटीक रूप से पुनर्रचना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- चिप्स जीवित मानव कोशिकाओं के अनुरूप निर्मित होते हैं और उनके छोटे फ्लूइडिक चैनल मानव शरीर की तरह ही रक्त और / या वायु प्रवाह को पुनः उत्पन्न करते हैं।
- OoCs में अत्याधुनिक इन विट्रो तकनीक शामिल है। यह तकनीक शरीर के बाहर जैविक कोशिकाओं और ऊतकों के साथ प्रयोग को सक्षम बनाती है।

बुलंद भारत अभ्यास

- भारतीय सेना ने बुलंद भारत अभ्यास का आयोजन किया है। इसे अपनी एकीकृत निगरानी और मारक क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए आयोजित किया गया है।
- आर्टिलरी और इन्फैंट्री ने अभ्यास के लिए विशेष बलों, हवाई टुकड़ी तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के साथ सहयोग किया।

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

- बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में 1,500 वर्ष पुराने कई शैल चित्रों और 1,800-2,000 वर्ष पुराने कई मानव निर्मित जल निकायों की खोज की गई है।
- **बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के बारे में**
- यह मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में विंध्य पहाड़ियों में विस्तारित है।
- यह उद्यान बाघों के उच्च घनत्व के लिए जाना जाता है। यह सफेद बाघों का प्रसिद्ध प्राकृतिक पर्यावास है।
- यहां की स्थलाकृति में पहाड़ियां, घाटियां, नदियां, दलदल और घास भूमि शामिल हैं। इस तरह की स्थलाकृति में विविध वनस्पतियां पाई जाती हैं।
- यह उद्यान सदाबहार साल वन और मिश्रित वनों के लिए भी प्रसिद्ध है।

KAUTILYA ACADEMY INDORE